तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



11 भाजपा का हर कार्यकर्ता है लोकसभा प्रत्याशी...



12 मुंगई माता मंदिर परिसर में हुआ भाजपा पिछड़ा ...




## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** नयापारा के शंकर मंदिर के पैसों के लेनदेन को लेकर युवक से मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी माधव कुर्रे पिता नरेश कुर्रे (22) वार्ड 08 नयापारा ने पुलिस को बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर आरोपी फैजान खान निवासी नयापारा ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी युवक पर धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### कार ने मोटर साइकिल को मारी टक्कर

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर मोड़ बिहारी ढाबा के पास एक कार की टक्कर से बाइक में सवार पति-पत्नी को चोटें आई है। प्राथी राजू राणा पिता सुखीराम राणा (42) निवासी गाताडीह जिला सारंगढ़ ने बताया कि उक्त घटनास्थल पर कार क्रमांक सीजी 04 एमजेड 1318 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 0720 को टक्कर दिया। घटना में बाइक में सवार प्रार्थी और उसकी पत्नी को चोटें आई। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### ओडिशा की शराब जब्त

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने नदी चरौदा से लिलेसर मार्ग पर ओडिशा निर्मित शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी निर्मल साहू पिता मालिकराम (38) निवासी नदी चरौदा के कब्जे से 13400 एमएल चिड़िया छाप शराब कीमत 3350 रुपए व बिक्री रकम 400 रुपए को जब्त किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने ग्राम उतेकेल से आरोपी दुबेलाल निषाद पिता करमु निषाद (59) के घर से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया है।आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) के तहत कार्रवाई की गई है।

# स्कूली बच्चों के निवाले पर डाका, वीडियो वायरल, जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूल से मध्याह्न भोजन के लिए पुहंचे चावल की चोरी करने वाले स्कूल के हेडमास्टर के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। मामला जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम डोंगरगांव के पूर्व माध्यमिक स्कूल का है, जहां ग्रामीणों ने स्कूल के हेडमास्टर को चावल चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा और इसका वीडियो जब सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद तत्काल अफसरों ने संबंधित विकासखंड के बीईओ को आदेश जारी करते हुए जांच कर 3 दिन के भीतर रिपोर्ट पेश करने कहा गया है।




## चावल घर ले जा रहे हेडमास्टर को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा

### बीईओ से मांगी 3 दिन के भीतर रिपोर्ट

मामले में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मामले में जाच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बागबाहरा विकासखंड के बीईओ को आदेशित किया गया है कि मामले की जांच कर 3 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### पहले झोले में ले जाते थे चावल

वीडियो में बागबाहरा ब्लाक के पूर्व माध्यमिक शाला डोंगरगाव के हेड मास्टर देवशरण डड़सेना मध्याह्न भोजन के लिए स्कूलों को मिलने वाले चावल की बोरी को चुपके से लेकर जाते नजर आ रहा है जिसके बाद हेडमास्टर देव शरण डड़सेना ग्रामीणों से सीनाजोरी करते भी नजर आया। ग्रामीणों की मानें तो हेडमास्टर डड़सेना को कई बार झोले में चावल भरकर ले जाते देखा गया है। लेकिन, इस बार हेडमास्टर चावल की पूरी बोरी ही पार करने की फिराक में थे जिसे उन्होनें पकड़ लिया। साथ ही बताया कि रसोईया ने भी बच्चों के लिए चावल कम देने की शिकायत ग्रामीणों को बताई थी। तब ग्रामीण हेडमास्टर डडसेना को रंगे हाथ पकड़ने के फिराक में थे।

उल्लेखनीय है कि स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति और दर्ज संख्या बढ़ाने मध्यान भोजन योजना की शुरुआत केंद्र सरकार द्वारा की गई जिसके तहत बच्चों को स्कूल में ही दाल, चावल और सब्जी भोजन में परोसा जाता है। लेकिन इस मामले में शिक्षक ही बच्चों के हितों के भक्षक बनते नजर आ रहा है।

जिले के बागबाहरा ब्लाक के पूर्व माध्यमिक स्कूल के हेडमास्टर का स्कूल से चावल की बोरी चुपके से अपने साथ लेकर जा रहा था, जिसे ग्रामीणों ने पहले ही पकड़ लिया और इसका वीडियो भी बनाकर विभागीय अफसरों और सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया।

## नांदगांव हत्याकांड : थाना और विधायक कार्यालय पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण

# भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने और आरोपी पर कठोर कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नांदगांव हत्याकांड में गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने भी मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों की मानें तों आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है और आरोप है कि उसके द्वारा स्कूल की जमीन पर भी कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों का मानना है कि हत्या में कुछ और लोग शामिल हैं जिसकी जांच की भी मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है।

गुरुवार को नांदगांव के ग्रामीण पहले कोतवाली फिर विधायक कार्यालय पहुंचे। इसके पूर्व मंगलवार को नांदगांव में हुए हत्या मामले में गांव के लिए प्रेम जांगड़े को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके बाद नांदगांव के ग्रामीण आरोपी पर कड़ी कार्रवाई एवं उसके द्वारा स्कूल की जमीन पर किए गए कब्जा को मुक्त कराने की मांग को लेकर विधायक कार्यालय पहुंच विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को ज्ञापन सौंपा।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को नांदगांव के सैकड़ों महिला-पुरूष मरार पटेल समाज के जिलाध्यक्ष पवन पटेल के नेतृत्व में सिटी कोतवाली पहुंचे और बताया कि जिस प्रकार से हत्या को अंजाम दिया गया है उसमें और भी आरोपियों के शामिल होने की संभावना है। इसलिए, पुलिस मामले में दोबारा जांच कर हत्या में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करें साथ ही पकड़े गए आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात कर बताया कि आरोपी ने स्कूल की भूमि के कई हिस्सों पर कब्जा कर रखा है उसे भी मुक्त कराई जाए। इस दौरान समाज के उपाध्यक्ष बिहारी पटेल, राम पटेल, दीनू पटेल, दशरू पटेल सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



### मामले की पूरी होगी जांच, कब्जा भी हटेगा



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्रामीणों से कहा कि पुलिस अधीक्षक से इस संबंध में चर्चा हुई है। उन्हें कहा गया है कि मामले की दोबारा जांच की जाएगी। जहां तक स्कूल की भूमि पर अवैध कब्जा का सवाल है उस पर भी शीघ्र कार्रवाई करने के लिए एसडीएम को कहा गया है। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में किसी भी आपराधिक प्रवृति के व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### मामले की निष्पक्ष जांच की मांग




छग पटेल समाज के अध्यक्ष पवन पटेल और सालिक राम पटेल ने बताया कि युवक की नृशंस हत्या के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। परिवार के लोगों का कहना है कि यह पहले से प्लान कर युवक की हत्या की गई है। आरोपी युवक के साथ अन्य लोगो के भी शामिल होने की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की गई है। पुलिस ने इस मामले में परिवार वालों एवं भारी संख्या मे ग्रामीणों की पहुंचने की सूचना पुलिस अधीक्षक को दी, जिसपर एसपी ने फोन के माध्यम बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच एवं इस घटना में अन्य लोगों के शामिल होने के आशंका को ध्यान में जांच की जा रही है। एक आरोपी को पकड़ा जा चुका है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी से पूछताछ यदि किसी अन्य के भी शामिल होने की बात सामने आती तो उसे भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

### यह था पूरा मामला

बता दें कि मंगलवार सुबह नांदगांव के सूखा तालाब में एक युवक की नग्न अवस्था में लाश मिली थी। पुलिस के मुताबिक पूनम पटेल (अब मृतक) रात लगभग साढ़े नौ बजे पानी पाउच, डिस्पोजल, चखना लेने बिहारी दुकान में गांव के ही प्रेम जांगड़े के साथ पहुंचा। मृतक को आखिरी बार प्रेम जांगड़े के साथ देखा गया था। संदेह के आधार पर पुलिस ने प्रेम जांगड़े को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि दोनों शराब पी रहे थे। इसी दौरान पूनम ने अश्लील गाली गलौज की जिससे आक्रोशित होकर प्रेम ने हाथ मुक्का से मारपीट की। बेहोश होकर गिरने के बाद आरोपी ने जेब में रखे ब्लेडनुमा कटर से पूनम पटेल के गले को रेता दिया। मौत होने के बाद लाश को छिपाने कंधे में लादकर तालाब के बीचों बीच ले गया। नशे में होने के कारण बीच में गिर जाने के कारण उसे घसीटते हुए बेशरम की झाड़ियों के पास फेंक दिया।

# होली पर दिख रहा महंगाई का असर, आम जरूरतों के सामानों के दाम बढ़े





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- खाद्य तेल के दाम में 100 से लेकर 150 तक प्रति टिन की वृद्धि

होली का त्यौहार 25 मार्च को मनाया जाएगा। त्यौहार के लिए रंग, गुलाल, पिचकारी के स्टाल सजने लगे हैं। लोगों ने त्यौहार के चलते खरीददारी शुरू कर दी है। लेकिन खाद्य सामग्रियों के अलावा सब्जियों के दाम में काफी बढ़ोतरी देखी रही है। रंग एवं पिचकारी जैसे सामानो के दाम में बीते साल के मुकाबले इस साल काफी बढ़े हुए हैं। इधर, खाने पीने की चीजें आलू, प्याज एवं लहसून के दाम में कमी देखी गई है, लेकिन खाद्य तेल के दाम में 100 से लेकर 150 तक प्रति टिन वृद्धि हुई है।

होली के सामानों की बिक्री कर रहे राहुल एवं उपेंद्र सरवैया ने बताया है कि इस बार रंगों एवं सामान्य पिचकारियो के दाम बढ़ गए हैं।

वहीं फैंसी पिचकारियों के दाम में 5 से 7 फीसदी का इजाफा हुआ है। वहीं नारायण ने बताया है कि अभी आलू, प्याज के दाम कम हुए है जो प्याज कुछ दिनो पहले 20 से 21 रुपए में बिक रहे था वे अभी त्यौहार मे कम 17 से 18 रुपए प्रति किलो के भाव में आ गया है। कमल ने बताया है कि खाद्य तेल में 100 रुपए से ज्यादा की वृद्धि हुई है। वहीं दाल के दाम इस बार स्थिर हैं। लेकिन, शक्कर के दाम में 50 से 60 रुपए प्रति 50 किलोग्राम के बोरी में इजाफा हुआ है।

वहीं सब्जियों के दाम के बारे में बात करें तो टमाटर 15 रुपए प्रति किलो, भिंडी 40, फूल गोभी 40-50, धनिया 60, मिर्ची 60, बैंगन 20, लौकी 20, शिमला मिर्च 40-50, बरबटी 30-40, करेला 40-50, मुनगा 80 और कटहल 60 रुपए किलो की दर से बिक रहे हैं।

# पुराना सब्जी मार्केट में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, दुकानदार, ग्राहक दिक्कत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के पुराना सब्जी मार्केट के दुकानदार और यहां जाने वाले ग्राहकों को मूलभूत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पालिका द्वारा दी जा रही सुविधाएं अपर्याप्त साबित हो रही हैं। यहां पार्किंग, शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से यहां के दुकानदारों और ग्राहकों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बाजार के अंदर घूमते आवारा पशुओं के द्वारा दुकानों सामानों को क्षति पहुंचाया जाता है। इसके अलावा दुकानों के सामने अतिक्रमण कर सामान बाहर भी कई



दुकानदार निकाल देते हैं जिससे जाम लगता रहता है। पुराना सब्जी मार्केट की दिक्कतों को लेकर भूषण, दिलीप कुमार साहू ,भारत राठी, रमेश पटवा एवं श्याम तिवारी ने बताया है कि दुकान के सामने शेड को बिना किसी विभाग या नगर पालिका की अनुमति के 1 से 3 फीट से ज्यादा सामान निकाल देते हैं जिसके कारण आने जाने वाले लोगों एवं गाड़ी की पार्किंग की समस्या हो जाती है। साथ ही भीड़ बढ़ने से जाम लग जाता है।

### निर्माणाधीन शौचालय अब भी अपूर्ण

दुकानदारों ने बताया कि बाजार मे निर्माणाधीन शौचालय के अभी तक पूर्ण न होने एवं आसपास की गंदगी बढ़ गई है। नगर पालिका एवं अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है। सड़क किनारे दुकान लगाने वालों के लिए शिव मंदिर के पास निर्मित शेड का अब तक आबंटन नहीं किया गया है। जिससे उनकी भी परेशानी बढ़ रही है।

# 106 मवेशियों को कत्लखाना ले जाते दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पशुओं को क्रूरतापूर्वक कत्लखाना ले जाए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। रास्तों में धरपकड़ होने और विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सजग होने के कारण मवेशी तस्कर अब नदी नालों और नहर के रास्ते पशुओं को ओडिशा की ओर ले जाने की फिराक में हैं। बता दें कि बुधवार देर शाम विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने 106 मवेशियों को कनेकेरा के पास नदी के रास्ते क्रूरतापूर्वक ओडिशा कत्लखाना ले जाते दो लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। कोतवाली पुलिस



ने मामले में छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 10,4,6 और पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 घ के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महावीर कालोनी निवासी अखिलेश लूनिया ने पुलिस में शिकायत की कि उन्हें शाम साढ़े 6 बजे सूचना मिली कि 106 मवेशियों को क्रूरतापूर्वक पीटते हांकते हुए कनेकेरा के रास्ते ओडिशा के कत्लखाने ले जाया रहा है। सूचना पर मौके में पहुंचे अखिलेश लूनिया, कान्हा प्रधान, रामेश्वर साहू और विजय महतो कनेकेरा पहुंचे और मवेशियों की तस्करी कर रहे चार व्यक्तियों को रोका, जिनमें से दो भाग गए। मवेशियों की तस्करी कर रहे दो लोगों ने अपना नाम-पता कोसमखुंटा निवासी ईश्वर ध्रुव और जहुर ओगरे बताया। पूछताछ में दोनों ने मवेशियों को ओडिशा कत्लखाना ले जाना बताए। बाद डायल 112 को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को दोनों को सुपूद किया गया और गौवंशों को कनेकेरा के नंदू निषाद के यहां रखा गया।

### लगातार हो रही तस्करी

बता दें कि सोमवार को ही विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सरायपाली ने 23 मवेशियों को हांकते ओडिशा की ओर ले जाते तीन लोगों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया था। इससे पहले 17 मार्च को मवेशियों से भरा पिकअप पकड़ाया था। पिकअप को पॉलिथीन से ढंककर बांधा गया था, जिसे खोलने पर 9 गाय और 2 नवजात बछड़े मिले थे। 14 मार्च को बागबाहरा बजरंग दल ने ट्रक से 23 मवेशियों की तस्करी कर रहे एक को पकड़ा था। जबकि, दो फरार हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उक्त सभी मामले विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़े हैं। जिले व अन्य स्थानों से मवेशियों की हो रही तस्करी को रोकने पिछले दिनों विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने कलेक्टोरेट का घेराव कर कार्रवाई की मांग की थी।

## कथा में पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज ने दी जीवन जीने की शिक्षा

# अत्याचारी में सनातन धर्म-संस्कृति को हानि पहुंचाने की क्षमता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कृष्ण दर्शन, बाल लीला, माखन चोरी का प्रसंग सुनाया

महासमुंद के मिनी स्टेडियम में चल रहे भागवत कथाा के छठवें दिवस पर देश के ख्याति नाम कथावाचक पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज महासमुंद क्षेत्र को पूरी तरह भक्ति रस में सराबोर करते हुए अपने मुखारबिंद से नंदोत्सव कृष्ण के दर्शन लीला, बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाते हुए भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के छठवें दिन मुख्य यजमान सुशील शर्मा, डॉ. मंजू शर्मा आचार्य वृंद पं. जवाहर त्रिवेदी, अर्पित त्रिपाठी, नवल किशोर दुबे, प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा ने मंगल आरती करते हुए व्यासपीठ को नमन किया।

कथावाचक पं. भारद्वाज ने कहा कि हमारा धर्म हमारी संस्कृति सबसे प्राचीन है। हमारे साधु संत, भूत और भविष्य बताने के साथ भूत और भविष्य बदल सकते हैं। हमारा धर्म और वेद बहुत श्रेष्ठ है। हमारे वेदों के मंत्रों में वो शक्ति है, जो आकाश में बैठे देवी-देवताओं को धरती में लाने का सामर्थ्य रखते हैं। उन्होंने हमारे देश के ख्यातिनाम साधु संतों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे साधु संत और विद्वान हिन्दुत्व को पूरे विश्व में फैलाने एवं प्रत्येक मानव को जीवन की वास्तविकता से ज्ञात



कराता है। हमारे हिन्दुत्व में ही एक मात्र खुशहाल जीवन जीने का मार्ग है जो व्यक्ति हिंदू समाज की रक्षा करने पूरे विश्व में हिंदू धर्म का जयकारा करना चाहता है तो उसका समर्थन करना होगा। हमारे साधु संत और विद्वान खुली किताब की तरह होते हैं। आप सब अपने वैभव को समझते आज कोई भी अत्याचारी में सनातन धर्म सनातन संस्कृति को हानि पहुंचाने की क्षमता नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि जब हम सुबह सोकर जब उठते हैं धरती मां को प्रणाम करें। अच्छे साहित्य व कथा का श्रवण करें या पढ़ें। आज भी यह संस्कार हम सब में होना चाहिए। क्योंकि, यह हमारे संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। एक कथा के प्रसंग के माध्यम से उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को धन, सुंदरता और ज्ञान का अहंकार होता है। समय आने पर सभी का नाश होता है। हमें सभी का सम्मान करना चाहिए एवं आशीर्वाद लेना चाहिए। कथा के छठवें दिन कृष्ण रुखमणी विवाह के प्रसंग से भक्त जनों को भाव विह्ल कर दिया।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, घनश्याम सोनी, नंदूराम सिन्हा, चुम्मेश्वरी सिन्हा, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, आनंद साहू, अमित हिशीकर, ज्ञानसिंह चंदेल, महेन्द्र सिक्का, आनंद गिरि गोस्वामी, अग्रज शर्मा, देवीचंद ज्योति राठी, गोविंद साहू, किरण ढीढी, अनिता सिन्हा, नत्थू साहू, संतोष राठी, श्याम साकरकर, हेमलाल चंद्राकर सोरमसिंघी, कर्मा जागृति मंच, लाल विजय सिंह देव, सह यजमान उमेश श्रद्धा चंद्राकर, सागर नम्रता कश्यप, ऋतु कल्पना, योगेश पूनम चंदेल, आकाश आकांक्षा पांडेय, जगदीश शकुंतला साहू, केके उषा शर्मा, गोपीचंद रोशनी साहू, भाऊराम साहू सपरिवार, एमआर विश्वनाथ, पप्पू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित थे। उक्त जानकारी टेकराम सेन, राजश्री ठाकुर ने दी है।

### अधेड़ ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम छिबर्रा के खेमराज निर्मलकर पिता गोवर्धन निर्मलकर (50) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### समर कैंप में बच्चों ने सीखी अनेक विधाएं

**रायपुर।** शिवांश इंटरनेशनल स्कूल काठाडीह में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन बुधवार को किया गया। इस समर कैंप में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों सहित स्कूल और आसपास के करीब 900 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप में बच्चों को जुंबा, डांस, म्यूजिक, योगा, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, कोडिंग, रोबोटिक्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, अबेकस, वैदिक मैथ्स, मेंटल मैथ्स, सेल्फ डिफेंस, पॉटरी मेकिंग, सिखाया गया। समर कैंप के समापन के अवसर पर स्कूल की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी ने बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किया तथा उनके द्वारा सीखी गई कला को जीवन भर संवारने की सलाह दी।

### छात्र-छात्राओं सहित 150 लोगों ने किया भोजन



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर डायमंड की ओर से शासकीय योजनानुसार शासकीय मीडिल स्कूल बढ़ईपारा में बुधवार को भोज न्योता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित 150 लोग लाभान्वित हुए। इसके अंतर्गत स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया। मनशीश केजू ने बताया कि हाईस्कूल की प्राचार्य गायत्री शर्मा, प्रधान पाठिका प्रणीता सोनी सहित माध्यमिक तथा हाईस्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने भोजन किया। संकुल समन्वयक राजेंद्र बंजारे भी शरीक हुए। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट माला पॉल, अध्यक्ष नीतू निर्मलकर, कोषाध्यक्ष संगीता सालोमन, हेमंत निर्मलकर, अरुण सालोमन, ऋषिका झा, ऋषि, शिखा, डीके दानी ने सभी को भोजन परोस कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराईं।

### नातिन धोबिन दाई मेला के लिए सीएम को आमंत्रण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने नातिन धोबिन दाई मेले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। साथ ही सहमति मिलने पर रजक महोत्सव का आयोजन करने की भी जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह धोबी जाति को छग में अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। धोबी के कार्य केवल धोबी को ही मिले दूसरे जाति के लोग इस कार्य में डाका डाल रहे हैं उस पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था महाराष्ट्र में लागू है और उदाहरण सप्रमाण प्रस्तुत किया। मेडिकल कॉलेज, अस्पतालों, मल्टीनेशनल होटल में गैर धोबी जाति को वेंडर नहीं बनाने का भी अनुरोध किया। सीएम ने समाज की मांगों को गंभीरता सुनी और कहा कि जो मांग जायज है अवश्य पूरी की जाएगी। इसी दौरान हेमंत निर्मलकर, धनेश्वर निर्मलकर, कुंभ निर्मलकर, अमन निर्मलकर समेत समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 20 हजार शिक्षक जांचेंगे 6 लाख छात्रों की कॉपियां, स्पष्ट रूप से लिखने होंगे प्राप्तांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छात्रों द्वारा परीक्षाओं में प्राप्त अंकों का उल्लेख मूल्यांकनकर्ताओं को स्पष्ट रूप से करना होगा। इसके साथ ही उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि कोई प्रश्न बगैर जांच के ना रह जाए, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

- ऑनलाइन बैठक में दिए गए मूल्यांकनकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मूल्यांकनकर्ताओं की ऑनलाइन बैठक बुधवार को ली गई। इसमें मूल्यांकन संबंधित जानकारियां देने के साथ ही वे बिंदु साझा किए गए, जिसका ध्यान विशेष रूप से शिक्षकों को कॉपियों को जांचने के दौरान रखना होगा। दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में शामिल 6 लाख छात्रों की कॉपियां जांचने के लिए 20 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 42 हजार तथा बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 55 हजार छात्र शामिल हुए हैं। इसी तरह इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले नियमित अभ्यर्थियों की संख्या 12 हजार है। मंडल द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 23 मार्च से शुरू किया जा रहा है। रायपुर में बनाए गए 2 केंद्रों सहित पूरे प्रदेश में 36 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।

**राजधानी के 2 सेंटर सहित प्रदेश के 36 मूल्यांकन केंद्र में 23 से जांची जाएंगी कॉपियां**

### छात्रों की वर्षभर की मेहनत का आकलन

मंडल सचिव पुष्पा साहू ने गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी मूल्यांकन के लिए समस्त मूल्यांकन केन्द्राधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम किसी विद्यार्थी की वर्षभर की मेहनत का आकलन है। यह विद्यार्थी की दशा एवं दिशा दोनों को प्रभावित करता है, अतः मूल्यांकन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ संपन्न किया जाए। समय-सीमा में मूल्यांकन पूर्ण हो जाए, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।




### किसी भी प्रश्न को ना छोड़ें अमूल्यांकित

सही उत्तर का स्पष्ट अंकन बाएं तरफ किए जाने, उत्तरपुस्तिका में अंकों का स्पष्ट अंकन किए जाने, पृष्ठवार अंकों का सही योग किए जाने, जांचकर्ता द्वारा अंकों का मिलान करके ही हस्ताक्षर किए जाने तथा उत्तर अमूल्यांकित न छोड़े जाने जैसे अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश दिए गए। दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन हो, यह सुनिश्चित करने कहा गया है। मूल्यांकन केंद्राधिकारियों द्वारा अपनी समस्याएं भी इस दौरान साझा की गई। इनके निराकरण के लिए भी उन्हें आश्वस्त किया गया। सूत्रों के अनुसार, मई के प्रथम पखवाड़े में परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है।

## दो नर्सों सहित चालीस फीसदी स्टाफ के भरोसे चल रहा उपचार

# सौ बिस्तरों का आरएलटीआरआई सफेद हाथी भर्ती कुष्ठ मरीजों को खाने थाली भी नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कुष्ठ प्रभावितों को उपचार की सुविधा देने के उद्देश्य से लालपुर में संचालित क्षेत्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आरएलटीआरआई) सफेद हाथी साबित हो चुका है। यहां इलाज के लिए सौ बिस्तरों की व्यवस्था तो कई गई है, मगर केवल चालीस प्रतिशत स्टाफ होने की वजह से मरीज आने से कतरा रहे हैं। स्थिति यह हो चुकी है कि दूसरे जिलों से आकर यहां भर्ती होने वाले मरीजों को खाने के लिए थाली के बजाए प्लास्टिक की थैलियों में खाना दिया जा रहा है।

लालपुर में करीब 45 साल पहले आरएलटीआरआई की स्थापना की गई थी। यहां कुष्ठ प्रभावित मरीजों की जांच और उपचार की सुविधा देने की योजना थी, मगर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की उदासीनता की वजह से उसका उद्देश्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार यहां मरीजों के इलाज के लिए भर्ती करने के लिए सौ बिस्तरों की व्यवस्था की गई है, मगर 75 बेड का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या कभी बीस तक नहीं पहुंच पाई है। इसकी एकमात्र वजह यहां चिकित्सकीय स्टाफ की कमी को माना जाता है। संस्थान में 11 चिकित्सक, 6 नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य के 50 पद स्वीकृत हैं, मगर काम करने वालों की संख्या महज बीस है। इसमें 6 डाक्टर और मात्र दो नर्स हैं, जिन्हें रोटेशन के आधार पर ड्यूटी करनी पड़ती है। विभिन्न तरह की जांच सुविधाओं का अभाव, दवाइयों की कमी की वजह से भी मरीज यहां इलाज के लिए नहीं आना चाहते। भर्ती होने वाले मरीजों के लिए यहां किचन में खाना बनाने का नियम है, मगर संख्या कम होने की वजह से उन्हें बाहर से लाकर खाना परोसा जाता है और थाली के बजाए उन्हें प्लास्टिक की थैलियों में भरकर खाना दिया जाता है।

#### केस-1

महीनेभर पहले इलाज के लिए लालपुर अस्पताल में भर्ती हुआ मरीज पिथौरा निवासी लल्लू यादव के मामा दमोदर ने बताया कि छुट्टी होने के बाद अस्पताल स्टाफ ने दवा नहीं होने का हवाला देकर बाहर से थैलीडोमाइड नामक दवा खरीदने कह दिया। इसके लिए उसे पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं।

#### केस-2

भिलाई के रोशन विश्वकर्मा ने बताया कि चार दिन पहले अस्पताल से घर लौटा, तो उसे भी यह महंगी दवा बाहर से खरीदनी पड़ी। संस्थान के चिकित्सकीय स्टाफ ने माली हालत का हवाला देकर दवा देने के निवेदन पर उसे झिड़ककर बाहर से खरीदने की नसीहत दे डाली।





#### दवाइयां तक नहीं मिल रहीं

उपचार के लिए यहां दूसरे जिलों से आने वाले मरीजों को दवाइयों के लिए भी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान तो उन्हें दवा मिलती है, मगर छुट्टी होने के बाद उन्हें महंगी दवा खरीदनी पड़ती है, जबकि कुष्ठ पीड़ितों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराने का प्रावधान है।



#### केंद्रीय स्तर पर व्यवस्था

स्थानीय स्तर पर जो समस्याएं सामने आ रही हैं, उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। चिकित्सकीय सहित अन्य स्टाफ की भर्ती केंद्रीय स्तर पर की जाती है। इसके लिए समय-समय पर प्रस्ताव भेजा जाता है।

**- डॉ. संदीप जोगदंड,** निदेशक, आरएलटीआरआई लालपुर

#### कमरे में कैद एक्स-रे मशीन

संस्थान में करीब आठ माह पहले एक्स-रे मशीन की व्यवस्था की गई है, मगर अब तक इसका उपयोग शुरू नहीं हुआ है। मशीन के साथ लगने वाला कंप्यूटर सहित अन्य पार्ट्स नहीं होने की वजह से उसे कमरे में बंद कर दिया गया है। संस्थान में प्रतिदिन बीस से पच्चीस मरीज ओपीडी में आते हैं। जिन मरीजों के लिए जांच आवश्यक होती है, उन्हें जिला अस्पताल तक दौड़ लगानी पड़ती है अथवा निजी संस्थानों में जाकर जांच के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

#### पोस्ट आपरेटिव देखभाल का अभाव

लेप्रोसी सहित अन्य जनरल सर्जरी भी यहां पर्याप्त संख्या में नहीं हो पा रही है। इसकी वजह पोस्ट आपरेटिव देखभाल के लिए नर्सिंग स्टाफ का अभाव है। महज दो नर्स होने की वजह से रात्रि में देखरेख की समस्या के कारण ज्यादा मरीजों की सर्जरी नहीं का जा सकती। चिकित्सकों का मानना है कि अस्पताल में प्रतिदिन एक दो सर्जरी होनी चाहिए, मगर सीमित संसाधन होने की वजह से वहां आधे से भी कम ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

## विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर दांतों के डाक्टरों ने किया लोगों को जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दंत चिकित्सकों ने विभिन्न तरीकों से लोगों को दांतों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करने का प्रयास किया। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक, रैली, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- शासकीय डेंटल कालेज का आयोजन

इस मौके पर ओल्ड एज होम में शिविर लगाकर वहां रहने वालों के दांतों की जांच की गई। उन्हें दांतों की सुरक्षा पर जागरूक करते हुए सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि व्यक्ति के मौखिक स्वास्थ्य उनके मौखिक स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले अभ्यासों से जुड़ी होती है। मौखिक स्वास्थ्य समग्र कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें दांतों की सफाई, आहार और निवारक उपाय शामिल है। इसे अनदेखा करने से सड़न और मसूड़ों के रोग हो सकते हैं। अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित डेंटल जांच करना महत्वपूर्ण है, जो एक स्वस्थ मुस्कान और समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। समारोह की सफलता के लिए कालेज के प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र वाढेर के मार्गदर्शन में, विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिंद वासनीक, प्रभारी अधिकारी डॉ. शिल्पा जैन, सहअधिकारी डॉ. सोपान सिंह, डॉ. राम कृष्ण चेव्वुरी, डॉ. अभिनव पारख, पीजी स्टूडेंट्स डॉ. पूनम नारंग और डॉ. आरुहि सिन्हा, प्रथम वर्ष से अंतिम वर्ष के छात्र, इंटर्न्स एवं कर्मचारियों का योगदान रहा।

# 6 माह के लिए फायरब्रिगेड महकमे को निगम ने दी जमीन 12 साल जमे रहे, अब जमीन के स्थायी आवंटन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

6 माह के लिए अस्थायी रूप से फायरब्रिगेड के वाहनों को रखने अग्निशमन विभाग ने नगर निगम की टिकरापारा स्थित मोटर वर्कशाप वाली जमीन मांगी। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्ष 2012 में निगम ने उसे जमीन उपलब्ध कराई।

12 साल बीतने के बाद भी दमकल विभाग न तो अपनी गाड़ियों को रखने स्थायी जगह ढूंढ पाया, न ही मोटर वर्कशाप की जमीन खाली की। अब उसी जमीन को स्थायी रूप से आवंटित करने अग्निशमन विभाग ने शासन से मांग की है, जबकि निगम प्रशासन का कहना है, टिकरापारा के मोटर वर्कशाप वाली जमीन निगम की प्रापर्टी है, उसे अग्निशमन विभाग को देने में असुविधा होगी। सूत्रों के मुताबिक इस पर विचार मंथन चल रहा है। टिकरापारा स्थित नगर निगम के मोटर वर्कशाप वाली जमीन को लेकर निगम प्रशासन और अग्निशमन विभाग आमने-सामने हैं। हाल ही में अग्निशमन विभाग की ओर से नगर निगम प्रशासन के पास मोटर वर्कशाप वाली जमीन के स्थायी आवंटन की मांग आई है। नगर निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे का कहना है, फायर ब्रिगेड आवश्यक सेवा है, इस लिहाज से पूर्व में 6 माह के लिए अस्थायी रूप से अग्निशमन विभाग को मोटरवर्कशाप की जमीन पर वैकल्पिक व्यवस्था होते तक दमकल गाड़ियों को खड़ा रखने की सुविधा दी गई। चूंकि यह निगम की प्रापर्टी है, इसलिए इसे अग्निशमन विभाग को स्थायी रूप से देने में असुविधा होगी।

- टिकरापारा स्थित मोटर वर्कशाप की जमीन का मामला
- निगम की 500 गाड़ियों के रखने का है ठिकाना, वर्कशाप भी
- निगम प्रशासन पशोपश में, कहा हमारी प्रापर्टी, अग्निशमन विभाग को देने में होगी दिक्कत



#### 500 गाड़ियों के रखने का एकमात्र ठिकाना है मोटर वर्कशाप

मोटर वर्कशाप विभाग के विभागीय अधिकारियों का कहना है, नगर निगम के 10 जोन और निगम मुख्यालय के अलग-अलग विभागों की गाड़ियों को मरम्मत के लिए रखा जाता है। करीब 500 गाड़ियां इस वर्कशाप में वर्तमान में रखी जा रही हैं। इसी जगह से नगर निगम 10 जोन की सफाई, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की गाड़ियों में ईंधन की व्यवस्था बनाई गई है। निगम का अपना अलग से पेट्रोल पंप इसी जगह संचालित है। नगर निगम ने अग्निशमन विभाग के आला अधिकारियों को पूर्व में भी टिकरापारा के मोटर वर्कशाप की जमीन खाली करने ध्यान आकर्षित कराया, पर बात नही बन पाई।

#### नगर निगम जोन 6 का दफ्तर रहा टिकरापारा की मोटर वर्कशाप वाली जमीन पर

सूत्रों के मुताबिक जिस जमीन पर नगर निगम का मोटर वर्कशाप संचालित है, वहां पहले नगर निगम जोन 6 का दफ्तर हुआ करता था। मोतीबाग के पास राजीव गांधी चौक के समीप पूर्व में फायर ब्रिगेड का आफिस संचालित था। अग्निशमन विभाग पहले नगर निगम का हिस्सा हुआ करता था। 12 साल पूर्व सड़क चौड़ीकरण के दौरान राजीव गांधी चौक स्थित दमकल विभाग के पुराने दफ्तर को वहां से हटाकर अस्थायी रूप से टिकरापारा के मोटर वर्कशाप में शिफ्ट किया गया। विदित हो, पहले नगर निगम की एमआईसी के 14 विभागों में विद्युत अभियांत्रिकी व अग्निशमन विभाग प्रमुख रूप से शामिल रहा। बाकायदा एमआईसी में इस विभाग के भारसाधक सदस्य की व्यवस्था रही। बाद में नगर निगम ने अग्निशमन विभाग की सेवाओं को गृह विभाग को हैंडओवर कर दिया। वर्तमान में यह विभाग गृह विभाग के अधीन संचालित है।

# आईजी ने राजपत्रित के साथ टीआई की मीटिंग लेकर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आगामी लोकसभा चुनाव तथा होली को देखते हुए आईजी अमरेश मिश्रा ने जिले के रेंज के सभी राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ टीआई की बैठक ली। बैठक में एसपी संतोष सिंह भी शामिल हुए। बैठक में आईजी ने पुलिस अफसरों को शहरी के साथ कस्बों में अव्यवस्था एवं अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण के लिए अर्बन डिसआर्डर मिटिगेशन प्लान के तहत क्षेत्रों को चिन्हांकित करते हुये कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में आईजी ने आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये शांतिपूर्ण चुनाव करवाने एवं समस्त व्हीआईपी मूवमेंट में सजगतापूर्वक ड्यूटी करने पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं। साथ ही अपराधों की विवेचना, समंस-वारंट की तामिली, जुआ-सट्टा या नशे का सामान, कबाड़ी एवं अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कार्रवाई तेज करने निर्देश दिए। डायल 112 या अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेने के लिए निर्देश दिए हैं।

- चुनाव को देखते हुए अपराध पर अंकुश लगाने के साथ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने दिए निर्देश

#### नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश

होली में हुड़दंगियों से सख्ती से निपटने आईजी ने निर्देश दिए हैं। साथ ही होली के पूर्व फ्लैग मार्च करने के साथ गुंडे बदमाशों की धरपकड़ तेज करने आईजी ने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही होली के समय शराब पीकर या तीन सवारी दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटक व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त करने आईजी ने निर्देश दिए हैं। आईजी ने मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और तेज कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सूखा नशे का कारोबार करने वालों की पहचान करने मुखबिर तंत्र को और मजबूत करने आईजी ने निर्देश दिए हैं।

# मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर की प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए। कलेक्टर ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में हर पहलू को बारीकी से समझे। आप जितना कुशल प्रशिक्षित रहेंगे निर्वाचन प्रक्रिया उतना ही सरल होगी। आपके कुशल दक्षता से मतदाताओं को भी सहयोग होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि आप सभी को क्राइसेस मैनेजर की भूमिका का निर्वहन करना है। आपको यह बताना होगा कि चुनौती और संकट का सामना किस प्रकार किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इस निर्वाचन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि निर्वाचन में ड्यूटी लगे कर्मचारियों का मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

- कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सभाकक्ष में हुई कार्यशाला

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर को मतदाता सूची के चिन्हित, प्रति, डाक मतपत्र, ईडीसी, मतपत्र लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, ईवीएम, वीवीपैट मतदान की प्रक्रिया चुनौतियां आदि के बारे में विस्तृत में बताया गया।

# रायपुर मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टरों ने मांगी साप्ताहिक छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंबिकापुर के बाद रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टरों ने साप्ताहिक छुट्टी मांगी है। यहां करीब डेढ़ सौ पीजी डाक्टर अपनी पढ़ाई के साथ आंबेडकर अस्पताल में काम कर रहे हैं। छात्रों का हवाला है कि मानसिक दबाव को ध्यान में रखते हुए एनएमसी ने इसका प्रावधान किया है।

जेएन मेडिकल कालेज के स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के छात्रों ने बुधवार को अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया को ज्ञापन सौंपकर एक दिन का साप्ताहिक अवकाश स्वीकृत करने की मांग की। छात्रों ने तर्क दिया है कि पढ़ाई के साथ अस्पताल में उन्हें कार्य करना पड़ता है, जिसकी वजह से वे मानसिक के साथ शारीरिक रूप से थकान महसूस करते लगे हैं। लगातार ड्यूटी की वजह से उन्हें विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। एनएमसी ने इस तरह की शिकायत और चिकित्सा छात्रों द्वारा उठाए जाने वाले आत्मघाती कदम को ध्यान में रखते हुए पीजी छात्रों के लिए साप्ताहिक अवकाश तथा साल में 20 दिवस के आकस्मिक अवकाश का प्रावधान किया है। रायपुर मेडिकल कालेज में इसे लागू करने की मांग की गई है।



#### पहले भी उठी चुकी मांग

पिछले दिनों अंबिकापुर के शासकीय मेडिकल कालेज में भी इस तरह की मांग की गई थी और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। रायपुर में डीन को ज्ञापन देने वालों में डॉ. रेशम सिंह, डॉ. कालेश्वर नेगी, डॉ. कृपाशंकर पैकरा, डॉ. ऋषि अग्रवाल, डॉ. भागवत, डॉ. नवीन एवं डॉ. सुमन शामिल थे।

# रविवि की सेमेटस्ट परीक्षाएं मई में, आवेदन 27 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके मुताबिक सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन 27 मार्च से प्रारंभ हो जाएंगे। रविवि अध्ययनशाला और संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों को 10 अप्रैल तक का समय आवेदन करने के लिए दिया जाएगा। इसके बाद 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ 11 से 16 अप्रैल तक छात्र आवेदन कर सकेंगे। तिथि समाप्त होने के बाद छात्रों को आवेदन करने दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा। रविवि की वार्षिक परीक्षाएं 5 मार्च से प्रारंभ हो चुकी हैं। मई के पहले पखवाड़े में ये परीक्षाएं समाप्त होंगी। इसके बाद रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी। समय-सारिणी अप्रैल माह में जारी होने की संभावना है। फिलहाल रविवि द्वारा केवल आवेदन तिथि को लेकर ही अधिसूचना जारी की गई है।

**वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन प्रारंभ**

वार्षिक परीक्षाओं के साथ ही इसके लिए मूल्यांकन कार्य भी रविवि द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ होने के पूर्व तक वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन पूर्ण करने की कोशिश की जा रही है, ताकि सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने के साथ ही सेमेस्टर मूल्यांकन भी प्रारंभ किया जा सकेगा। मई से वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा आरंभ हो जाएगी।

खबर संक्षेप



## लोहारडीह में स्कूली छात्रों को कराया भोज

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोहारडीह के शिक्षक डोमन लाल साहू एवं कक्षा सातवी की छात्रा कोमालिया का एक साथ जन्मदिन 20 मार्च बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को समोसा, बड़ा, जलेबी, अंगूर, संतरा व मीठा परोसा गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख रिपुसूदन पटेल, शिक्षकगण व संकुल समन्वयक गणेश टंडन व फनेंद्र बंजारे मौजूद रहे।

## शिविर में 25 मरीजों का निःशुल्क उपाचार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इसमें 25 मरीज को उपचार किया गया। डिप्रेशन 5, सायकोसिस 8, एनजायटी 3, ऐल्कोहल विथड्रॉल 1, जीएडी 4, सोमेटो फॉम 1, आर्गेनिक 3 मरीज शामिल है। मरीजों निःशुल्क दवाई के साथ मनो-सामाजिक परामर्श भी दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ बीबी कोसरिया, डॉ चित्रेश डडसेना ब्लॉक नोडल मानसिक स्वास्थ्य, बीपीएम जयकांत विश्वकर्मा, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे, टेकलाल नायक, गौतम यादव का सहयोग रहा।

## 117 बंदियों को दिया गया मनोसामाजिक परामर्श

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत डा पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ बी. माहेश्वरी संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ. छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से जेल अधीक्षक उमेश पटेल, ममता पटेल और समस्त स्टाफ के साथ जिला जेल महासमुंद में बंदियों को मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। बंदियों के बीच कार्य स्थल पर होने वाले तनाव, आत्महत्या जैसे रोकथाम के बारे में भी पूछा गया। 117 बंदियों को दैनिक जीवन में योग साधना से जड़ने के लिए सलाह दिया गया। आपसी सामंजस्य स्थापित करने, अपनी योग्यता को निखारने, एक्सरसाइज़ करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे, जागृति साहू आदि मौजूद रहे।

## हाईवा की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम हाईवा की ठोकर लगने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, बाइक सवार दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के मुताबिक विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे हाईवा की ठोकर लगने से 55 वर्षीय पंचराम वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार लक्ष्मीनारायण बंजारे तथा भूखन धृतलहरे घायल हुए हैं। घटना रानीसागर के पास की है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी हाईवा चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## गांजा के साथ महिला सहित नाबालिग गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिरहसौद थाने की पुलिस ने गांजा तस्करी करते एक महिला सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा तस्करों के कब्जे से ढाई लाख कीमत का 24 किलो के करीब गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी करने के आरोप में कुम्मन जेना तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों को टोल नाका के पास ओडिशा की एक बस से गांजा लाते पकड़ा है।

## तैयारी बैठक : इमलीभाठा शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले बूथों की बैठक हुई

# भाजपा का हर कार्यकर्ता है लोकसभा प्रत्याशी, एकजुटता से मिलेगी विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा शहर मंडल के इमलीभाठा शक्ति केंद्र में हुई बूथों की बैठक में प्रभारी जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों की दृष्टि से बूथों की ये बैठक काफी महत्वपूर्ण है। बैठक के विषय की जानकारी देते हुए जिला महामंत्री प्रदीप ने कहा कि हम सभी लोकसभा के चुनावी समर में है। और इसी की तैयारियों को लेकर 23 मार्च शनिवार मिनी स्टेडियम में सुबह 11 बजे से महासमुंद विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओ का वृहद सम्मेलन आयोजित है। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों का मार्गदर्शन सबको प्राप्त होगा।



उपस्थित कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रदीप ने कहा कि पिछले 10 साल के 2 कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मां भारती के सच्चे सपूत के रूप में मोदी ने देश की आर्थिक उन्नति प्रगति और विकसित राष्ट्र निर्माण का सपना साकार किया है। गांव, गरीब, मजदूर, किसान सहित सभी वर्गों के विकास और उत्थान के लिए योजना बनाकर कार्य किया है। हमारे धर्म संस्कृति और स्वाभिमान के प्रतीक भगवान रामचंद्र की अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के साथ उसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, राष्ट्रसेवा में समर्पित अग्रदूत, मोदी और भाजपा की सरकार की वजह से ही संभव हुआ है। जिला महामंत्री प्रदीप ने कहा कि लोकसभा की स्थानीय निवासी भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी मोदी के प्रतीक के रूप में हमारे समक्ष है। हम सबका एक एक वोट प्रत्यक्ष रूप से सिर्फ मोदी को जाना है। प्रदीप ने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक लीड दिलाने का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी ने विधानसभा चुनावों में 5 साल की वादाखिलाफी वाली सरकार को सत्ता से बेदखल करने में अहम योगदान दिया है, हर बूथ पर विजय संकल्प के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में अपना परिश्रम और योगदान दिया है उसी तरह से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जुट जाना है।

बूथों की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्थानीय पार्षद देवीचंद राठी ने कहा कि इमलीभांठा शक्ति केंद्र के सभी कार्यकर्ता समर्पित भाव से हर चुनावो में भाजपा के पक्ष में बहुमत दिलाते आए है, मोदी की सरकार ने भारत देश को पूरे विश्व में विकसित राष्ट्र की श्रेणी में अग्रणी स्थान पर लाकर खड़ा किया है वो उनकी सबका साथ, सबका विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शक्ति केंद्र की प्रभारी सुजाता विश्वनाथन ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी पर विश्वास कर कार्यकर्ताओं और जनता ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाकर भूपेश बघेल की दमनकारी कांग्रेस सरकार का अंत किया है। महज 100 दिन के कार्यकाल में विष्णुदेव साय की सरकार ने किसानों और महिलाओं के हित में लिए गए ऐतिहासिक वादों को पूरा किया है। महिलाओं की अहम भूमिका भाजपा की सरकार बनाने में रही है। भाजपा की सरकार ने महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह सम्मान राशि देकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है।

लोकसभा में हमारे साथ भाजपा की महिला प्रत्याशी है। मातृ शक्ति की प्रचंड विजय हम सभी का संकल्प व लक्ष्य है। शहर महामंत्री प्रकाश शर्मा ने 23 मार्च को होने वाले विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में सबकी उपस्थिति का आह्वान करते हुए एकजुटता से भाजपा प्रत्याशी के विजय अभियान में बूथ समिति को सक्रियता से जुटने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किया। बैठक का संचालन व आभार मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से पार्षद राहुल चंद्राकर, पूर्व पार्षद प्रभा साहू, माखन पटेल, हनीश बग्गा, अलका पुंज, खिलावन यादव, चंद्रशेखर गौर, रोशन बग्गा सहित 5 बूथों के समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# इतिहास विभाग में पेंटिंग प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग में प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन एवं डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास के संयोजन एवं मृणाली चंद्राकर अतिथि व्याख्याता के मार्गदर्शन में एमए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को दो भागों में विभाजित किया गया था। प्रथम भाग में भारत के प्रमुख व्यक्तित्व व द्वितीय भाग में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति एवं पर्यटन विषय पर आयोजित हुआ। भारत के प्रमुख व्यक्तित्व की श्रेणी में प्रथम लिलेश्वरी सेन (रानी लक्ष्मी बाई), द्वितीय दिव्या ठाकुर (सावित्रीबाई फुले) एवं युवराज ध्रुव (सुंदरलाल शर्मा), तृतीय स्थान पर पूर्णिमा साहू (जीजाबाई एवं शिवाजी) रहे। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति एवं पर्यटन श्रेणी में प्रथम भास्कर साहू (आदिवासी संस्कृति), द्वितीय नागेश (सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर) तृतीय सोमनाथ विश्वकर्मा (छत्तीसगढ़ी महतारी) रहे। इस अवसर पर इतिहास विभाग से प्रज्ञा ठाकुर अध्यक्ष, मनोहर सोनवानी सचिव, रुचि साहू एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की।

## अधिवेशन आज

**महासमुंद।** चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज के उपक्षेत्र महासमुंद का वार्षिक अधिवेशन का आयोजन श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में 22 मार्च दिन शुक्रवार को किया गया है। इसमें महासमुंद शहर, पिटियाझर, पतेरापाली, मुड़मार, लभरा, खैरा, परसकोल के कुल 1500 चंद्राकर परिवार के सदस्य आमसभा में शामिल होकर समाज की बेहतरी के लिए चर्चा-परिचर्चा करेंगे। अधिवेशन में समाज के आय व्यय की जानकारी प्रदान की जाएगी। उपक्षेत्र महासमुंद के अध्यक्ष धर्मेंद्र चंद्राकर ने सभी स्वजातीय बंधुओं से सामाजिक आमसभा में शामिल होने की अपील की है।

# नींव को मजबूत किया जाए तो आगे भविष्य की पढ़ाई में होगा सहायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर के निर्देशानुसार डाइट प्राचार्य मीना पाणिग्रही एवं बालवाड़ी जिला नोडल अधिकारी राजेश चंद्राकर के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण दो चरणों में हुआ। प्रथम चरण के शुभारंभ अवसर को संबोधित करते हुए राजेश चंद्राकर ने कहा कि बाल्यावस्था में बच्चों की सही देखभाल के साथ गतिविधि आधारित सिखाना बहुत महत्वपूर्ण होता है। यदि नींव को मजबूत किया जाए तो आगे भविष्य की पढ़ाई में सहायक होता है।



बी आ र सी सी जागेश्वर सिन्हा ने कहा कि बालवाड़ी में अध्ययन करने वाले बच्चों के अनुकूल वातावरण निर्माण किया जाए, इसके लिए बाला पिक्चर के अंतर्गत आकर्षक और सुंदर चित्रों का निर्माण कराया जावे, बालवाड़ी के बच्चों को पहले स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व विद्यालय शिक्षण दें और सिखाएं तब पाठ्यक्रम की पुस्तक की पढ़ाई कराई जाए। समापन अवसर को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने बालवाड़ी के शिक्षक को सकारात्मक भाव के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए निरंतर पालक संपर्क करने का निर्देश दिया। यह प्रशिक्षण कन्या शाला परिसर के सभागार में हुआ। शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की सांझी भागीदारी के माध्यम से गतिविधि आधारित प्रशिक्षण बच्चों के विकास के विभिन्न आयाम जैसे शारीरिक बौद्धिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास तथा भाषायी विकास पर जोर देता है। इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तैयार किए गए मॉड्यूल्स प्रस्तुत किए गए। बालवाड़ी संचालन के लिए दैनिक गतिविधि पुस्तिका पर विस्तृत चर्चा की गई। ईसीसीई के लिए फाउंडेशनल स्टेज के विकास के लिए 14 थीम पर आधारित गतिविधि पुस्तिका का अवलोकन कराया गया। प्रतिभागियों द्वारा गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स निहारिका चंद्राकर, दुर्गा यादव, कुंती यादव, तमन्ना देवांगन ने पूरे मॉड्यूल को समझाया। प्रशिक्षण में सीएसी पवन साहू, आशीष साहू, कार्यालय से केशव साहू, भुनेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।

## सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के सहयोग के लिए लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए महासमुंद जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के सहयोग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। सामान्य प्रेक्षक के लाइजनिंग ऑफिसर जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार व्यय प्रेक्षक लोकसभा 09 के लाइजनिंग ऑफिसर उप वनमंडलाधिकारी अब्दुल वहीद खान होंगे। नियुक्त लाइजनिंग अधिकारी प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के निर्देशन में कार्य संपादित करेंगे।

## हाउसिंग बोर्ड कालोनी में ग्रीष्मकालीन शिविर प्रारंभ



**महासमुंद।** हनीड्यू स्कूल के ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का शुभारंभ 20 मार्च को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सीनियर एमआईजी (एमआईजी) ए 48 भवन में प्रारंभ हुआ। महासमुंद शहर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों के तीन से सात वर्ष के अनेक बालक बालिकाओं ने इस शिविर में प्रथम दिवस भाग लिया। 20 मार्च से 30 मार्च तक चलने वाले इस शिविर के बारे में स्कूल संचालक शाश्वत चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप रमन टोला में प्रारंभ होने वाले इस स्कूल के इस समर कैंप में बच्चों के मानसिक रचनात्मक एवं कलात्मक विकास की ओर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही बच्चे भारतीय संस्कृति के अनुसार संस्कारवान बने, इसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रथम दिवस पर बच्चों को गीत संगीत एवं चित्रकारी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक चलने वाले इस समर कैंप को लेकर बालकों में अपार उत्साह देखा जा रहा है। चोपड़ा ने बताया कि निर्माणाधीन भवन जो रमन टोला मुख्य मार्ग पर स्थित है, इसका निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। माह जून जुलाई में शाला अपने नए भवन में स्थानांतरित हो जाएगी, जहां समस्त सुविधाएं बच्चों के लिए उपलब्ध रहेगी।

## प्रयास अकादमी बिलासपुर के लिए हितांशु का चयन



**बसना।** स्कालर्स पब्लिक स्कूल सांकरा (जोंक) विखं पिथौरा का छात्र हितांशु पुरी का चयन प्रयास अकादमी बिलासपुर में सत्र 2024-25 के लिए हुआ है। जिससे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। स्कूल के संचालक सुरेश कुमार राणा ने बताया कि हितांशु पुरी हमारे स्कालर्स पब्लिक स्कूल सांकरा में कक्षा पांचवी में पढ़ता है। यह प्रतिभावान व मेहनती बालक है। इसका प्रयास अकादमी बिलासपुर में चयन होने से रूचि प्रधान, विनीता यादव, तनुजा यादव, गोपेश यादव, प्रीति सिदार, सुमिधा प्रधान, कविता साहू व फजीलत बानो ने हर्ष जताया है।

# हमारी सरकार की प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन स्तर को आगे बढ़ाने की मंशा: संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

प्रदेश में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर भाजपा द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन कर साय सरकार की उपलब्धियां बताई। इसी क्रम में सरायपाली के गीताभवन में महासमुंद भाजपा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने प्रेसवार्ता में कहा कि डबल इंजन की सरकार में गरीब, मजदूर, किसान, युवा, महिलाओं तथा सभी वर्गों के हितों के लिए मोदी की गारंटी के साथ काम कर रही है।

कार्यकारी जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि हमने किसानों, महिलाओं से किया हुआ वादा निभाया है। हमारी सरकार प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन स्तर को आगे बढ़ाने की मंशा से काम कर रही है। पत्रकारों द्वारा भाजपा के अंदरूनी गुटबाजी



पर प्रश्न पूछे जाने पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कुछ गलतियां विधानसभा चुनाव में हुई थी, जिनको समय रहते सुधार लिया गया है।

इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, छतर सिंह नायक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा, प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा कामता पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल, जिला सह कोषाध्यक्ष धनेश नायक, मंडल अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, विद्या चौधरी, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा, गुंजन अग्रवाल, मंडल महामंत्री प्रमोद सागर, रविंद्र पंडा, जयप्रकाश साहू, किरण बेहरा, बाबा सेन, शिवा निषाद, मीडिया प्रभारी विदित धनानिया व भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# शांति समिति की हुई बैठक, तीन सवारी बाइक चलाने पर होगी कार्रवाई

**बसना।** बसना थाना क्षेत्रांतर्गत के सभी समाज, संस्था, संगठन प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों की आवश्यक बैठक आहुत की गयी। एसडीओपी अभिषेक केसरी एवं नायब तहसीलदार ललित सिंग नायक के मार्गदर्शन में बसना पुलिस थाना प्रभारी शशांक पौराणिक ने शांति समिति में उपस्थित सभी सदस्यों से विनम्र आग्रह करते हुए कहा है कि तीन सवारी बाइक चलाने पर कार्यवाही की जाएगी, नशापान कर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही, नाबालिगों के वाहन चलाने पर कार्रवाई, बिना हेलमेट वाहन चलाने पर कार्रवाई की जाएगी। नगर में कोई नया व्यक्ति रात में दिखे तो थाना को सूचित करें, दुकानदारों से अपील किया गया कि व्यापारी अपनी दुकानों में कैश न छोड़े, जिन बंधुओं के प्रतिष्ठानों व घर के सामने सीसीटीवी कैमरा है वे कृपया सीसीटीवी डीबीआर एक महीने तक रखें। प्रशासन की आईटीएमएस की उपलब्ध सुविधा का लाभ सबको मिले। ट्रांसपोर्टर सामानों की डिलीवरी नगर के अंदर रात्रि 9 बजे के बाद या छोटी गाड़ियों से करें। बैठक के दौरान समिति सदस्यों ने सभी बसें बस स्टैंड होकर गुजरे। बसे बाईपास में यात्रियों को रात में छोड़ देते हैं, इससे महिलाओं एवं शारीरिक रूप से कमजोर यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बसें, स्टैंड से होकर गुजरेंगे तो इससे यात्रियों को सुविधा होगी। सभी चौक चौराहों को सीसीटीवी कैमरा से लेस किया जा रहा है। इस दौरान बसना नगर के सभी समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों तथा पत्रकारों की उपस्थिति रही। शांति समिति की आगामी पर्वो को लेकर हुई आवश्यक बैठक में मुख्य रूप से डॉ एनके अग्रवाल, तौकीर दानी, रमेश अग्रवाल, मंजीत सिंह सलूजा, गजेंद्र साहू, तनवीर सईद, अशोक जोशी, जयनारारायण अग्रवाल, शीत गुप्ता, सेवकदास दीवान, ऋषिकेशन दास, सुखदेव वैष्णव, अभय धृतलहरे, मुजम्मिल कादरी, मनहरण सोनवानी, प्रदीप दास राजन, सदानंद साहू, मुकेश अग्रवाल, चंदन मिश्रा, महेन्द्र सिंह अरोरा, रमेश सूर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में 17 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत

**बसना।** ग्राम खेमडा के पास जगदीशपुर रोड़ पर सड़क हादसे में 17 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वार्ड नं 02 बसना निवासी गिरजा प्रसाद नैराजी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक 19 मार्च को गिरजा प्रसाद का नाती आर्यन नैरोजी पिता बृन्दाधर नैरोजी (17) शाम करीबन 04:30 बजे अपने पिताजी के स्कूटी क्रमांक सीजी 06 सीडब्ल्यू 9880 में अपने दोस्त को ग्राम बोईरडीह छोड़ने गया था। दोस्त को छोड़कर शाम करीबन 05:30 बजे घर वापस आ रहा था। इसी दौरान बसना से जगदीशपुर रोड़ ग्राम खेमडा के पास बसना की ओर से आ रही मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीए 8420 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आर्यन की स्कूटी को जोरदार ठोकर मार दिया, जिससे आर्यन नैरोजी मोटर सायकल समेत वहीं गिर गया। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी मोटरसायकल क्रमांक सीजी 06 जीए 8420 के चालक के खिलाफ भादवि की धारा 304 एक के तहत अपराध कायम किया है।





## मरार पटेल का होली मिलन समारोह हुआ

**नर्रा।** मरार पटेल समाज नर्रा के ग्राम परसुली में कार्यकारणी की बैठक के साथ साथ होली मिलन समारोह हुआ। बैठक की शुरूआत मां शांकभरी देवी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजन अर्चना कर की गई। पश्चात समाजिक गतिविधियों पर चर्चा हुई। इसके बाद होली का रंग एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं गले मिले। इस दौरान अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, संरक्षक सेतराम पटेल, उपाध्यक्ष दुकालुराम पटेल, कार्यकारी माखनलाल पटेल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल, महासचिव नेतराम पटेल, संगठन महामंत्री पदुमलाल पटेल, मीडिया प्रभारी ललित पटेल, सचिव चंदन पटेल, सलाहकार लक्ष्मी नारायण पटेल, गणेश पटेल, जगदीश पटेल, भीखूराम पटेल, शुक्ला पटेल, रामेश्वर पटेल, रघुलाल पटेल, नोहर पटेल, पुरन पटेल, बृजलाल पटेल, संदेशवाहक अजित पटेल सहित समाज पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 4 लाख रुपए बकाया, भुगतान नहीं करने पर दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में नगर निगम के राजस्व विभाग ने पुराने बड़े बकायेदारों से वसूली करने मुहिम छेड़ी हुई है।

इसके तहत बुधवार को टीम ने जोन 5 के वार्ड क्रमांक 41 में एक दुकान को सील करने की कार्रवाई की। इस दुकान के संचालक ने पिछले कई वर्षों से संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है।

बकाया राशि को लेकर विभाग संचालक को कई बार नोटिस भी जारी किया गया, बावजूद वह बकाया राशि अदा नहीं कर रहा था। विभागीय टीम ने अब इस दुकान में ताला लगाकर उसे सीलबंद कर दिया। दुकान के संचालक का नाम अनिमेष मिश्रा है।



## कार्रवाई के भय से करने लगे बकाया राशि का भुगतान

राजस्व विभाग की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण पिछले कई सालों से शहर के कई छोटे-बड़े दुकानों के संचालकों ने संपत्ति कर अदा नहीं किया है। इसके कारण ऐसी दुकानों पर लाखों रुपए बकाया हो गया है। ऐसे बकायेदारों से बकाया की राशि वसूलने राजस्व विभाग अब अभियान चला रहा है। इस अभियान का भय बकायेदार दुकान संचालकों पर भी दिखाई दे रहा है, क्योंकि बकाया अदा नहीं करने पर विभाग दुकान को सीलबंद के बाद कुर्की की कार्रवाई भी कर रहा है। विभाग की इस कार्रवाई से बचने के लिए कई दुकानदार तत्काल बकाया राशि का भुगतान भी कर रहे हैं। जोन 8 क्षेत्र में स्थित पार्थिवी ग्रुप के संचालक शैलेश वर्मा ने सीलबंद की कार्रवाई से बचने के लिए 24 घंटे के भीतर 18 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान कर दिया, जबकि उस पर 22 लाख रुपए बकाया है। विभाग ने संचालक को शेष बकाया राशि को भुगतान करने के लिए समय दिया है।

# मुंगई माता मंदिर परिसर में हुआ भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का विशाल सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पटेवा क्षेत्र के मुंगई माता मंदिर परिसर में 19 मार्च मंगलवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू उपस्थित थे। अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश चंद्राकर ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री भारत वर्मा, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा आदि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी तथा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुख्य वक्ता चंदूलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पचास प्रतिशत आबादी पिछड़ा वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक लोक कल्याणकारी योजना बनाकर पिछड़ों को लाभ पहुंचाया है। जिससे पिछड़ा वर्ग के लोगों को अपनी दिशा और दशा बदलने में मदद मिली। भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि प्रदेश की राजनीति में पिछड़ा वर्ग की भूमिका निर्णायक साबित होती है, आज इस सम्मेलन के माध्यम से पिछड़ा वर्ग मोर्चा की एकजुटता दिखाई दे रही है, जो ये संकेत दे रही है कि प्रदेश की समस्त 11 सीटों सहित पूरे देश में भाजपा के 400 पार के नारे को फलीभूत करेगी।





भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश चंद्राकर ने कहा कि मां भारती के मान सम्मान के लिए प्रधानमंत्री ने काम किया है, आजादी के 70 सालों के बाद भारत को जी20 की अध्यक्षता मिली। आज अमेरिका भी भारत के नेतृत्व क्षमता का लोहा मान रही है। अमेरिका जितनी आबादी नहीं है उससे ज्यादा पीएम मोदी ने देश के लोगों का जनधन खाता खोल कर दे दिया। आज उन्ही बैंक खातों में राशि पहुंच रही है। पीएम स्वानिधि, मुद्रा योजना, उज्ज्वला, विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि सहित दर्जनों के माध्यम से देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं को चुनावी रण के लिए तैयार रहने का आव्हान करते हुए कहा कि प्रदेश में हमारी भूमिका सबसे अधिक है, और हम सब को एकजुट होकर काम करना है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पीएम मोदी के 10 सालों के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आज विश्व पटल में भारत का नाम प्रथम पंक्ति में शामिल किया जाता है, इसका श्रेय मोदी को जाता है। हम सब को मिलकर प्रधानमंत्री मोदी को पुनः प्रचंड मतों से जिताना है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोती लाल साहू, ललिता अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, जिला अध्यक्ष साहू समाज धरम दास साहू, मंडल महामंत्री चंद्रहास गोलू चंद्राकर, महामंत्री कमल कौशिक, मंडल उपाध्यक्ष राकेश साहू, मंडल मंत्री दीपक मोंगरे, मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष धनेश सिन्हा, खेमराज, किसान मोर्चा जिला मंत्री निर्भय, धनेश गायकवाड़, महिला मोर्चा लता ध्रुव, प्रेम यादव, छबिंद्र पटेल, पुरुषोत्तम साहू, बिरसिंग, दुर्गेश, युवा मोर्चा मनोज यादव, प्रीतम गजेंद्र, धरम सिन्हा, प्रविन, छगन, ईश्वर सेन, रामधन चन्दाकर, मोरध्वज चंद्राकर, डिगेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्कूल में मकसूदन को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव मध्यप्रदेश शासन स्व. मकसूदन लाल चंद्राकर के निधन पर ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, स्व. नीलकंठ साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला एवं पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने प्रार्थना की गई। शाला परिवार ने शाला के प्रारंभ से आज तक के सहयोग को स्मरण किया तथा शाला परिवार अपनी अपूर्णीय क्षति बताई। इस अवसर पर अध्यक्ष माधवराव टांकसाले मौजूद रहे।

### आस्था साहित्य समिति की परिचर्चा कल

**महासमुंद।** नगर की साहित्य समिति आस्था के संयोजन में शहीदी दिवस पर 23 मार्च को परिचर्चा-क्रांतिवीरों का आजादी का योगदान का आयोजन किया गया। अपरान्ह 3:30 बजे यह आयोजन एस चंद्रसेन के निवास त्रिमूर्ति कालोनी में होगा। साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में स्वतंत्रता की बलिवेदी पर प्राणोत्सर्ग करने वाले भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु सहित सभी बलिदानियों को पुष्पांजलि देकर उनके व्यक्तित्व व राष्ट्रभक्ति की चर्चा होगी। यह जानकारी समिति के उपाध्यक्ष एसआर बंजारे ने दी है।

### ममता ठाकुर को बनाया गया नोडल अधिकारी

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाता जागरूकता एवं प्रशिक्षण के लिए उपयोग में लाए गए ईवीएम एवं वीवीपेट मशीनों के वीवीपेट पेपर स्लिप का श्रेडिंग मशीन के द्वारा नष्ट किए जाने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने तहसीलदार ममता ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### मिशन लाइफ अभियान विविध स्पर्धा भी होंगे

**महासमुंद।** नेहरू युवा केंद्र संगठन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में महासमुंद जिले में नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अर्पित कुमार तिवारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक द्वारा अलग-अलग चिन्हित गांव के स्कूल और कॉलेज में मिशन लाइफ और ओडीएफ खुले में शौच मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला स्पर्धा, सेमिनार के माध्यम से युवाओं को मिशन लाइफ के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

### कर्मचारियों की दो पालियों में लगाई ड्यूटी

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान प्राप्त ऑनलाइन शिकायतों का निराकरण सी विजिल सॉफ्टवेयर के माध्यम से करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से आंशिक संशोधन करते हुए अधिकारी कर्मचारियों को नियुक्त किया है। इनकी दो पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। दोपहर 3 बजे से रात 10 बजे तक करण सिंह प्राचार्य शाउमावि बिरकोनी तथा प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक दीक्षा पांडे ब्लॉक एनआरएम एक्सपर्ट जनपद पंचायत होंगे।

## विस चुनाव : अवलोकन दल को दिया गया प्रशिक्षण

# निगरानी दल करेंगे जनसभा और रैलियों की वीडियोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए गठित जिले के समस्त वीडियो निगरानी दल और वीडियो अवलोकन दल का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के आदेशानुसार जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण देते हुए जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि चुनाव के दौरान होने वाली जनसभा, रैलियों आदि में जाकर वीडियो निगरानी दल द्वारा समस्त कार्यक्रम का वीडियोग्राफी किया जाएगा। इस दौरान सभा स्थल के मंच, पंडाल, पोस्टर, बैनर, झंडे तथा कुर्सी आदि को दिखाते हुए इन सबका विवरण भी कमेंट्री करते हुए देना होगा। साथ ही उम्मीदवार और स्टार प्रचारकों आदि द्वारा दिए गए भाषण का कवरेज करना होगा। वीडियो बनाने के क्यूशीट वीडियो अवलोकन दल को सौंप दिया जाएगा। इस वीडियो का अवलोकन करने वाली टीम सभा, रैली आदि में हुए संभावित खर्च की जानकारी लेखा टीम को देगी।



इन्हें यह भी देखना होगा कि सभा तथा रैलियों में किसी भी तरह से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन ना किया जाए। प्रशिक्षण में उन्होंने बताया कि विपक्षी उम्मीदवार या विपक्षी दल के नेताओं के व्यक्ति जीवन के बारे में प्रतिकूल टिप्पणी करना, जाति, भाषा, धर्म, क्षेत्र आदि के आधार पर वोट मांगना, किसी का पुतला दहन करना आदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। किसी दल का स्टार प्रचारक अपने भाषण के दौरान उम्मीदवार का नाम लेकर वोट मांगे या उम्मीदवार उसके साथ मंच साझा करें अथवा स्टार प्रचारक के मंच पर उम्मीदवार का फोटो लगा रहे तो उस सभा का सारा खर्च उम्मीदवार के खाते में जुड़ जाएगा। इसी तरह यदि स्टार प्रचारक के हेलिकॉप्टर में उम्मीदवार यात्रा करेगा तो उसका आधा किराया उम्मीदवार को वहन करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि रैली में एक साथ 10 से अधिक वाहन नहीं हो सकते। अधिक वाहन होने पर प्रत्येक 10-10 वाहनों के बाद कम से कम 100 मीटर का फासला होना चाहिए। वाहनों में बैनर लगाने की अनुमति नहीं होगी, केवल एक फीट गुणा डेढ़ फीट का एक झंडा लगाया जा सकता है। इसी प्रकार रैलियों में पैदल चलने वाले अपने हाथों में बैनर लेकर चल सकते हैं, जिसका आकार 6 फीट गुणा 4 फीट से बड़ा नहीं होना चाहिए। इसलिए वीडियो निगरानी और अवलोकन दल को अपना कार्य बहुत ही जिम्मेदारी से करना होगा। प्रशिक्षण में इलेक्शन सुपरवाइजर आरके बारले, नोडल अधिकारी प्रशिक्षण नंदकिशोर सिन्हा उपस्थित रहे।



### महासमुंद की वूमेंस क्रिकेट टीम का चयन 24 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा महासमुंद जिला क्रिकेट संघ की वूमेंस टीम का चयन रविवार 24 मार्च को महासमुंद स्टेडियम में प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। जिसमें अंडर 15 के खिलाड़ियों का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2011 तक, अंडर 17 के खिलाड़ियों का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2005, अंडर 23 के खिलाड़ियों का कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2001 है। साथ ही साथ जिले की सीनियर वूमेंस टीम का गठन भी किया जाना है। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन के लिए ट्रायल से पूर्व दिवस उन्हें अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पिछले पांच कक्षाओं की मार्कशीट दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर महासमुंद जिला क्रिकेट संघ के ऑफिस में 23 तारीख के तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। ट्रायल के दिन खिलाड़ियों को सफेद किट के साथ पहुंचना अनिवार्य है।

# स्टेट अंडर 17 फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप 12 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ दोनों कैटेगरी से 2-2 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए होगा चयन

ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में दुर्ग जिला शतरंज संघ द्वारा प्रदेश में पहली बार अंडर -17 आयु समूह की फीडे रेटिंग शतरंज चयन स्पर्धा का आयोजन जलाराम भवन सिविल लाइंस दुर्ग में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे ने बताया कि इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य के कोई भी खिलाड़ी जो कि 17 साल से नीचे (1 जनवरी 2007 या इसके बाद की पैदाइश ) के है भाग ले सकते है। इस स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए सभी खिलाड़ियों का ऑल इंडिया चेस फेडरेशन व राज्य शतरंज संघ से 2024 -25 का पंजीयन आवश्यक है। स्पर्धा के प्रथम 2 बालक व 2 बालिका खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। स्पर्धा में दोनों कैटेगरी के लिए अलग - अलग पुरस्कार की व्यवस्था की गई है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 7000 रुपए व ट्रॉफी, द्वितीय 5000 व ट्रॉफी, तृतीय 3000 व मोमेंटो, चतुर्थ 2000 रुपए व मोमेंटो प्रदाय किया जाएगा। इसी तरह से समान ईनाम की राशि व ट्रॉफी ओपन कैटेगरी में भी प्रदान किए जाएंगे। स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी को ई सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। बस्तर संभाग व सरगुजा संभाग के लिए स्पेशल प्राइज के तहत 1500- 1500 रुपए की नगद राशि व मोमेंटो प्रदान किए जाएंगे। इस स्पर्धा में भाग लेने के लिए 1000 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में शतरंज को विशेष बढ़ावा देने के लिए वहां से शिरकत करने वाले बस्तर व सरगुजा के खिलाड़ियों के लिए 50 प्रतिशत की छूट एंट्री फीस में दी गई है। स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 5 अप्रैल निर्धारित है। इसके बाद की प्रविष्टि पर 250 रुपए विलंब शुल्क लगेगा। स्पर्धा के दरमियान प्रत्येक खिलाड़ी को टाइम कंट्रोल के तहत 30-30 सेकंड के इंक्रीमेंट के साथ 60- 60 मिनट का समय दिया जाएगा। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक के दायित्व का निर्वहन दुर्ग जिले के रॉकी देवांगन करेंगे। खिलाड़ी स्पर्धा में सहभागिता के लिए अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन कर सकते हैं। शुल्क जमा करने या रजिस्ट्रेशन कराने संबंधी किसी प्रकार की समस्या आने पर जिले के खिलाड़ी जिला शतरंज संघ महासमुंद के सचिव हेमंत खुटे से मार्गदर्शन ले सकते हैं।

# कांग्रेसियों ने पूर्व संसदीय सचिव मकसूदन को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव मध्यप्रदेश शासन के सदस्य रहे मकसूदन लाल चंद्राकर का निधन 20 मार्च 2024 को हो गया है, जिनका पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए कांग्रेस भवन लाया गया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पार्टी के झंडे से पार्थिव शरीर का सम्मान किया गया एवं श्रद्धांजलि दी गई। 21मार्च को स्व. मकसूदन लाल चंद्राकर के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर समस्त कांग्रेसजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया गया। एवं नरेंद्र दुबे प्रदेश कांग्रेस कमेटी, प्रभारी मंत्री संजय शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष हरबंश सिंह ढिल्लो, वरिष्ठ कांग्रेसी नजरूद्दीन भाटी द्वारा पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव स्व. मकसूदन लाल द्वारा अपने राजनीतिक जीवन में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उसे अखंड कांग्रेसी होने का गौरव प्राप्त होना बताया गया। उनके विधायकी कार्यकाल में किए गए उल्लेखनीय कार्यों एवं घटनाओं को याद किया गया। स्व. मकसूदन लाल को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, नरेंद्र दुबे प्रदेश कांग्रेस सचिव, संजय शर्मा प्रभारी महामंत्री, हरबंस सिंह ढिल्लो पूर्व उपाध्यक्ष, गुरमीत चावला, कविता तिवारी, लक्ष्मी सोनी, सोनम रामटेक, वीरेंद्र चंद्राकर, पूर्व पार्षद राजू साहू, लखन चंद्राकर, रवि साहू, जावेद चौहान, मनोहर ठाकुर, हार्दिक सोना, बसंत चंद्राकर, मोती साहू, टोमन सिंग कागजी, लीलू साहू, एरिश अनवर, सगनजोत सिंह आदि मौजूद रहे।




# भाजपा शासित प्रदेशों और पूरे देश में किसके संरक्षण में चल रहा ऑनलाइन सट्टाःअंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ केंद्र की भाजपा सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28% जीएसटी और 4% सरचार्ज लगाया हुआ है

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के नेता अंकित बागबाहरा ने कहा कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा आर्थिक अन्वेषण बयूरो में लोकसभा चुनावों को देखते हुए जानबूझकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना भाजपा की कुंठा और राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में तय हार को देखते हुए दबाव की राजनीति करते हुए केंद्रीय एजेंसियों के बाद राज्य की एजेंसियों का भी दुरुपयोग शुरू हो चुका है।

अंकित ने सवाल किया कि ये एफआईआर ईडी के कहने पर की गई। फिर ईडी में दर्ज चिंतामणि महाराज के नाम से भी आज तक कार्रवाई क्यों नही की गई? ईडी में दर्ज डॉ रमन सिंह के नाम पर आज तक कार्रवाई क्यों नही की गई? केंद्रीय एजेंसी और राज्य की एजेंसियां कहती है कि भूपेश बघेल को महादेव आन लाइन गेम वाला संरक्षण के लिए पैसे देता था। संरक्षण तो तब होता जब वो खिलाता रहता और उसपर कोई कार्रवाई नही होती। जबकि, छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार में महादेव एप पर 72 से ज्याद एफआईआर हुई, 450 के आसपास गिरफ्तारियां हुई। विदेश में छिपे अपराधियों के खिलाफ लुक आउट सर्च वारंट निकलवाया, गूगल से पत्राचार कर महादेव एप को बंद करने कहा तो कहीं इसीलिए तो भूपेश बघेल के ऊपर ईडी की कार्रवाई हुई। क्योकि, केंद्र की भाजपा सरकार ने तो ऑन लाइन गेमिंग पर 28 % जीएसटी और 4% सरचार्ज लगाया हुआ है और पूरे देश के साथ साथ सभी भाजपा शासित प्रदेशों में ऑनलाइन गेमिंग या सट्टा के विरुद्ध कोई कार्रवाई नही की जा रही और अगर विदेशों में बैठ कर इस सट्टे को आराम से और निरंतर संचालित किया जा रहा है तो क्या बिना केंद्र की भाजपा सरकार के संरक्षण के ये संभव है। अब क्या ये माना जाए कि मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में महादेव एप छत्तीसगढ़ में अभी भी चल रहा सांय सांय और क्या ये नहीं मानना चाहिए कि पूरे देश में भाजपा खुले आम ऑनलाइन सट्टे को संरक्षण दे लंबी हफ्ता वसूली कर रही है। आज कांग्रेस सरकार जाने के बाद डबल इंजन की भाजपा सरकार से प्रदेश नहीं संभल रहा। किसानों को और ग्रामवासियों को बिजली की नियमित आपूर्ति नही कर पा रही, शराब की अवैध बिक्री चरम पर है, राजधानी रायपुर में रोज चोरियों, सरे आम चैन स्नेचिंग की घटना आम हो गयी है, अबोध बच्चियों के साथ रेप के मामले बढ़ गए है, नक्सली घटनाओं में इजाफा हुआ है और साय सरकार प्रदेश को संभाल पाने में असफल है।



## बेमचा स्कूल में वाटर कूलर और पंखा भेंट



**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बेमचा में स्व. तोरण लाल चंद्राकर एवं स्व कौशल्या देवी की स्मृति में परिवारजनों, शैली वर्मा, चंद्रमणि चंद्राकर, सुरेश कुमार चंद्राकर जो 1972 में शाला के पूर्व छात्र रह चुके हैं के द्वारा शाला के लिए वाटर कूलर भेंट किया गया। साथ ही जगत राम सतनामी द्वारा भी शाला के लिए पंखा भेंट किया गया। इसके लिए शाला परिवार ने आभार व्यक्त किया है।







